प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 67 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 11 नवंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

दीप मालिकाएँ देती है अंधियारे से लड़ने का संदेश

दीपावली पर्व मनाने के पीछे अनेक धार्मिक मान्यताएँ है जिसमें से एक मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम रावण सहित अन्य राक्षसी ताकतो का वध कर अयोध्या वापिस लौटे और अध्योध्यावासियों ने भगवान राम के आगमन पर दीप जलाकर खुशियाँ मनायी इसी प्रकर की विजय और व्यापक सामाजिक हितों के लिये कार्य करने वाली ईश्वरीय सत्ता से संबंधित कथाएँ है और उसी आधार पर पूरे हिन्दुस्तान में दीपवली पर्व मनाया जाता है । काली अंधेरी अमावस की रात को दीपो के प्रकाश से जगमगा दिया जाता है । अंधेरी रात को हम छोटे छोटे दीपको के माध्यम से प्रकाशवान कर देते है । इन छोटे छोटे दीपको के माध्यम से प्रकाश फैलाकर जो मूल संदेश दिया जाता है वह है कि हम समाज के सभी लोग मिलकर बड़ी से बड़ी मुश्किलो का सामना कर लेंगे हर चुनौती का सामना कर लेंगे यह संदेश है परंतु अब हम दीपक तो जला रहे है पर दीपक जलाने का जो मूल भाव है उसका विस्मरण होने लगा है हम केवल उत्साह से पर्व मनाते है पर्व के पीछे का चिंतन भूल रहे है परिणाम स्पष्ट है परिवारो में विघटन, सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो गया है, सब आजाद हो गये है, हर व्यक्ति एक इकाई हो गया है । पर्व एक परंपरा बन गया है और सब इस परंपरा को निभा रहे है । यदि राम राज्य लाने की कल्पना है तो राम को जानना पड़ेगा, राम की बात माननी पड़ेगी राम के जैसे नहीं तो उसकी प्रजा के जैसे चरित्र तो बनाना पड़ेगा अपने संकल्प के प्रति हमें सुनिश्चितता रखनी पड़ेगी ।

जब जब छोटे छोटे दीपक गहन अंधियारे से लड़ने की सक्षमता रखते है तो हमे एक जुटता से चुनौतियों से लड़ने के लिये संकल्पित होने की आवश्यकता है । भगवान राम ने सज्जनों की मदद की सज्जनों से मदद ली और दुर्जनों का नाश कर जनकल्याण किया ऐसा हमें बताया गया है यह बार बार बताने और समझाने के पीछे जो भाव होता है उसका मूल उद्देश्य केवल बेहतर समाज का निर्माण करना आने वाली पीढ़ियों को बेहतर देकर जाने की मंशा होती है ।

आने वाली पीढ़ि को संस्कार, चरित्र, संस्कृति का हस्तांतरण होता है । सनातन धर्म संस्कार संस्कृति का हस्तांतरण शताब्दियों से कर रहा है और सनातन संस्कृति के संस्कार इतने मजबूत है कि हजारों आक्रमणों के बाद भी यह संस्कृति नहीं मिटी ।

इस संस्कृति को मिटाने और समूल नष्ठ करने की हाल ही में अलगाव वाली ताकतो ने चुनौती दी है । हालांकि इस प्रकार की चुनोतियाँ पहले भी देने वालो की कमी नहीं रही है परंतु ऐसी ताकतो का राजनैतिक सक्षमता वाले व्यक्तियों ने समर्थन करने से परहेज किया और जनमानस से कड़ा विरोध किया परंतु इस बार राजनैतिक सत्ता के लिये झटपटा कुछ राजनैतिक दल सनातन को समाप्त करने की बात करने वाली ताकतो का साथ दे रहे है और बड़े जनाधार वाली राजनैतिक सत्ता सनातन के पक्ष में भी खड़ी है परंतु समाज और सनातन के पक्षधरों को भी सनातन सनातन समर्थकों के साथ एक जुटता से रहना चाहिये और छोटे छोटे दीपक की भांति सनातन विरोधियों से मुकाबला करना चाहिये ।

यह गौरव का विषय है कि देश आज पूरी दुनिया में स मानजनक स्थिती में पहुँच चुका है यह नेतृत्व की ताकत होती है और यह ताकत देने का काम छोटे छोटे दीपक की भांति एक एक मतदाता देता है । सत्ता के शीर्ष में सज्जन शक्तियाँ काबिज हो यह चिंता होने को ही भारत माता की जय करना कहते है ।

कुछ वर्षो पूर्व भारत देश की स्थिती बहुत दुर्दशा पूर्ण रही है । भ्रष्टाचार, घोटाले, दलाली के खुलासे आये दिन होते है जिसमें बड़े बडे नेता आरोपित होते रहे अनेक तो जेल भी गये । भारत दुनिया के सामने शर्मिंदा हो रहा था परंतु उस काले अंधियारे को दूर करने में देश की जनता ने अपने जागृत स्वरूप का परिचय दिया और बेहतर नेतृत्व को लाकर देश की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया ।

भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसकी ताकत जनता के पास होती है परंतु लोभ,झूठ, लालच, भय आदि के सहारे गलत व्यक्ति इस ताकत के मालिक बन जाते है और फिर सत्ता का संचालन मनमाने तरीके से होता है जनकल्याण और विकास के रास्ते से देश और प्रदेश भटक जाते है । इसलिये हर मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुये ऐसी ताकतो को सत्ता की चाबी देना चाहिये जो प्रदेश का देश का गौरव बढ़ाये, जनता के कल्याण को प्राथमिकता दें, विकास के प्रति सजग रहे, धर्म संस्कृति, संस्कारों की रक्षक हो, मातृशक्ति का स मान करें कृषि प्रधान इस देश के किसानों की चिंता करें । दीपावली की अनंत शुभकामनाओं के साथ आने वाली सरकार प्रदेश के व्यापक हित में काम करें ऐसी मनोकामना के साथ समस्त मतदाताओं से मतदान करने का विनम्र आग्रह है ।

भाजपा सरकार ने सैकडों जनकल्याण की योजनाओं के माध्यम से जनता को सीधा लाभ दिया -मुनमुन

सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी देश का गौरव बढाने वाला राजनैतिक दल है आम जनता की चिंता करने वाली पार्टी है। प्रदेश में शिवराज सिंह की सरकार जिस दिन से बनी है प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिये ऐतिहासिक काम किये है । कांग्रेस ने इस प्रदेश को बीमारू प्रदेश बनाकर रखा था परंतु भाजपा ने प्रदेश की सत्ता संभालते ही बिजली, पानी, सड़को की स्थिती केवल सुधारी ही नहीं अपितु हर व्यक्ति को सुविधाएँ सुनिश्चित हो इसकी भी चिंता की है। प्रदेश के मु यमंत्री जी ने जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग के परिवारों को सीधा लाभ पहुँचाया। इस आशय की बात सिवनी विधानसभा से भाजप के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने सिवनी विधानसभा के बंडोल मंडल में जनसंपर्क के दौरान कही।

भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि निर्धन कन्याओं का मु यमंत्री कन्यादान योजना से विवाह जैसी योजनाएँ चलाई तो किसानों को शून्य प्रतिशत पर बैंक से ऋण की सुविधा दी गयी और प्रदेश में आज विकास की फसल लहलहा रही है वह प्रदेश में संवेदनशील भाजपा की सरकार होने का परिणाम है। श्री दिनेश राय मुनमुन ने आमजनता से संवाद करते हुये कहा कि कांग्रेस के समय में बिजली का रोना था, ग्रामीण सड़को के नाम पर पगडंडी और गाढादान हुआ करती थी आज छोटे-छोटे गांव तक पक्की सड़के है हर खेत में पानी पहुँच रहा है और जो रह गये है वहाँ भी बहुत शीघ्र पानी पहुँचाने के लिये भाजपा की सरकार संकल्पि है।

दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि प्रदेश की सरकार ने सैकडों जनकल्याण की योजनाओं के माध्यम से आमजनता को सीधा लाभ दिया और अभी लाड़ली बहना योजना के माध्यम से 1250 रूपये हर महिने माता बहनों के खाते में पहुँच रहे है आगामी समय में यह राशि तीन हजार रूपये हो जायेगी। परंतु कांग्रेस इसे बंद करने के लिये ऐलान कर चुकी है इसलिये इस कांग्रेस से सावधान रहना पिछली बार कुछ दिनों के लिये सत्ता में आये थे जनकल्याण की सारी योजनाएँ इन्होंने बंद कर दी थी। श्री राय ने कहा कि जनकल्याण के विकास भी भाजपा ने दिल खोलकर किया है और केन्द्र में भाजपा की सरकार है जो राम मंदिर बनाकर देश को गौरव प्रदान कर रही है। आज जनसंपर्क अभियान अंतर्गत भाजपा प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन ने प्रातः 09ः00 बजे से भाजपा मंडल बंडोल अंतर्गत आने वाले ग्राम सोनाडोंगरी सघंन जनसंपर्क आरंभ किया। जहां पर ग्रामीण बंधुओं द्वारा आपकी भव्य आगवानी कर फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। तत्पश्चात श्री राय द्वारा ग्राम खामखरेली, सिहोरा, बलारपुर, सरगापुर, मगरकठा, मुआरी, मेहलोन, जोगीवाडा, जेवनारा, बजरवाडा, बांदरा, कलारबांकी, थांवरी, सालीवाडा, भाजीपानी, खमरिया, बीसावाडी, बीसापुर, कुकलाह, बांकी, जुरतुरा, मोठार, जुझारपुर, दुकली, गंगेरुआ, बंडोल, राहीवाडा, गरठिया, गंगई, छुआई, एवं ग्राम भोंगाखेडा मे आमजनों से संपर्क कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों, जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं ग्रामीण बंधुओं की बड़ी सं या मे उपस्थिति रही।

मुख्यमंत्री की आमसभा आज

सिवनी यशो :- सिवनी जिले की केवलारी एवं बरघाट विधानसभा में प्रदेश के यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार 11 नवंबर दो जनसभा को संबोधित करेंगे ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुये बताया गया है कि आज शनिवार 11 नवंबर को मु यमंत्री श्री चौहान केवलारी विधानसभा के पलारी तिगड्डा डूंडासिवनी में दोपहर 3:00 बजे भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे । इसके पश्चात सायं 4:30 बजे बरघाट विधानसभा के सड़क मोहगांव में भाजपा प्रत्याशी कमल मर्सकोले के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे । भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारियों विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों एवं बूथ समितियों से कार्यक्रम में अधिक से सं या में जनसमुदाय को कार्यक्रम में आमंत्रित करने के निर्देश दिये है तथा आमजनता से प्रदेश के मु यमंत्री जी की आमसभा में अधिक से सं या में उपस्थिती की अपील की है ।

मां वैष्णोंदेवी धाम सीलादेही में मां अन्नपूर्णा महोत्सव प्रारंभ

सिवनी यशोः- ब्र हलीन द्वारका शारदा एवं ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वारूपानंद सरस्वती जी महाराज की प्रेरण एवं मार्गदर्शन में नागपुर रोड स्थित ग्राम खैरी के समीप स्थित ग्राम सीलादेही की निरंजन पहाड़ियों पर उनके परम शिष्य स्व. गोविंद नेमा एवं उनके परिवार सहित नगर के धार्मिक व सामाजिक बंधुओं के सहयोग से मां वैष्णों देवी धाम की स्थापना वर्षों पूर्व की गई थी।

प्राकृतिक पहाड़ियों को काटकर माता अन्नपूर्णा एवं मां वैष्णोंदेवी की प्रतिमा की स्थापना के उपरांत से ही पहाड़ियों की इस श्रृंखला में पौधारोपण कर इसे हरा-भरा बनाया जा चुका है, जहां वर्ष भर विभिन्न धार्मिक आयोजन के लिए हजारों श्रृद्धालु दर्शन हेतु पहुंचते है।

पहाड़ियों पर ही उद्यान का निर्माण कर यहा आंवले का एक विशेष जंगल है जहां आंवला नवमीं के अवसर पर महिलाएं पूजन-अर्चन हेतु आने के साथ ही यहां उत्सव भी मनाया जाता है। विगत 13 वर्षो से मां वैष्णोंदेवी धाम सीलादेही समिति द्वारा अन्नपूर्णा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

समिति से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 10 नवंबर को धनतेरस के पावन अवसर पर मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा की स्थापना विधि-विधान के अनुसार प्रकांड पडितों की उपस्थिति में हो चुकी है। 27 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा के दिन तक इस पहाड़ी पर मेले का आयोजन होगा, जहां ग्रामीण एवं शहरीय नागरिक पहुंचकर दर्शन लाभ ग्रहण करेंगे।

परंपरा अनुसार कार्यक्रम के अंतिम दिन 27 नवंबर को प्रातः हवन पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं एवं समिति के माध्यम से 56 भोग का अर्पण मां अन्नपूर्णा को किया जायेगा, इस दौरान देश, प्रदेश एवं जिले की समृद्धि के लिए मां अन्नपूर्णा से कृपा दृष्टि बनाये रखने के लिए समिति पूजन-अर्चन करेंगी।

दोपहर उपरांत महाप्रसाद में अर्पित किये गये 56 भोग के अलावा दाल-बाफले का वितरण भी उपस्थित होने वाले समस्त श्रद्धालुओं के लिए हर वर्ष की तरह किया जा रहा है जहां रात्रि तक क्षेत्रीय कलाकरों के माध्यम से संगीतमय कार्यक्रम भी होंगे। समिति ने इस अवसर पर जिले के सभी श्रद्धालुओं, सनातन धर्मियों से उपस्थित होकर धर्मलाभ कमाने का अनुरोध किया है।

लाड़ली बहना जैसी योजना देने वाले मु यमंत्री शिवराज चौहान को सुनने के लिए पलारी पहुँचे - राकेश पाल सिंह

केवलारी यशोः- 10 नवंबर जैसे जैसे चुनाव नज़दीक आ रहे है सभी प्रत्याशी चुनाव प्रचार में अपनी ताक़त झोंक रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह लगातार चुनाव प्रचार में व्यस्त चल रहे हैं। वह केवलारी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जनस पर्क साध रहे हैं और मतदाताओं को आगामी 17 नव बर को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे है। अपने जनस पर्क के दौरान उन्होंने कहा कि 11 नव बर को पलारी में प्रदेश के प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज चौहान जनसभा को स बोधित करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की , कि प्रदेश की माता बहनों को लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना जैसी योजना देने वाले मु यमंत्री जी को अधिक से अधिक सं या में सुनने के लिए पलारी में डूंडासिवनी, खैरपलारी पहुँचे।

चोरपिपरिया में लोगों को स बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने कहा कि केवलारी में लड़ाई वंशवाद और विकासवाद के बीच है। एक तरफ़ विकास की चिंता करने वाली भाजपा है दूसरी तरफ़ वंशवादी कांग्रेस है जिसका विकास से कोई लेना देना नहीं है ।

भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने अपना जनस पर्क ग्राम चोरपीपरिया से सुबह शुरू किया उसके बाद चीज़बंद, बंजर, पाथरफोड़ी, ढुटेरा, चंदरूटोला, कालीमाटी, दूधिया, झगरा, लोपा, खापा, पांजरा, धानागाढ़ा, लालोपार, मुंगपार, खैरी कंडिपार, गाँवों का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

29 प्रतिशत से अधिक उर्वरक वितरित

सिवनी यशोः- प्रदेश में गत वर्ष माह अे टूबर, 2022 की तुलना में अे टूबर, 2023 में 29.47 प्रतिशत अधिक उर्वरको का विक्रय हुआ है। इसी प्रकार विगत वर्ष 08 नव बर, 2022 तक की तुलना में इस वर्ष 08 नव बर तक 10 प्रतिशत उर्वरकों का अधिक विक्रय किया जा चुका है।

विगत एक सप्ताह में प्रदेश में 50 रेक यूरिया, 21 रेक डीएपी एवं एनपीके की प्राप्त हुई है। साथ ही यूरिया की 22 एवं डीएपी / एनपीके की 19 रेक ट्रांजिट में है, जिनकी 3-4 दिनों में प्रदेश में पहुंचने की संभावना है। प्रदेश में यूरिया एवं डीएपी-एनपीके की कमी की स्थिति नहीं है।

प्रदेश में दिनांक 8 नव बर, 2023 की स्थिति में यूरिया 3.62 लाख मेट्रिक टन, डीएपी 1.48 लाख मेट्रिक टन, एनपीके 1.29 लाख मेट्रिक टन एवं 2.76 लाख मेट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध है। समाचार पत्र में प्रकाशित जिलों बड़वानी (11389 मी.टन), सिवनी (16788 मी.टन), छतरपुर (10544 मी.टन), बालाघाट (12537 मी.टन), मण्डला (7421 मी.टन), दमोह (14280 मी.टन), सागर (16016 मी.टन), टीकमगढ़ (6679 मी.टन), उज्जैन (13330 मी.टन), शिवपुरी (17379 मी.टन), देवास (12055 मी.टन), धार (18681 मी.टन), रतलाम (13795 मी.टन) एवं अशोकनगर (10982 मी.टन) उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है।

अग्रवाल समाज का दीपावली मिलन व अन्नकूट समारोह 14 नवंबर को

सिवनी यशोः- अग्रवाल समाज सिवनी द्वारा 'गोर्वधन पूजा अन्नकूट' व दीपावली मिलन समारोह 14 नवंबर मंगलवार को आयोजित किया गया है। जबलपुर रोड स्थित लूघरवाडा अग्रसेन भवन परिसर (अग्रोहाधाम) में पांरपरिक रूप से मनाया अन्नकूट व दीपावली मिलन समारोह मनाया जाएगा।



प्रवक्ता संजय अग्रवाल ने बताया कि शाम 7 बजे सर्वप्रथम गोर्वधन की सामाजिकजनों द्वारा प्रतीकात्मक पूजा की जाएगी। इसके बाद दीपावली मिलन समारोह संपन्न होगा। इसमें बुजुर्ग स्त्री, पुरुष, बच्चों एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देकर बड़ो से आर्शीवाद प्राप्त करेंगे। पटाखे व आतिशबाजी की जाएगी। अंत में अन्नकूट का भगवान श्रीकृष्ण को भोग लगाकर सभी प्रसाद ग्रहण करेंगे। अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सभी सामाजिकजनों से आयोजन में सहपरिवार उपस्थिति का अनुरोध किया है।

जबरन नॉलेज

पटाखों के उपयोग को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

केवल ग्रीन पटाखे का किया जायेगा उपयोग

रात्रि 8 के पहले तथा रात्रि 10 के बाद उपयोग में रहेगा प्रतिबंध

सिवनी यशोः- कलेे टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने मध्यप्रदेश शासन एवं माननीय सर्वोच्च? न्यायालय तथा मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों के परिपालन में मानव स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये दण्डप्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं।

जारी आदेशानुसार केवल ग्रीन पटाखे व रीड्यूस एमीसन वाले पटाखे के ही निर्माण, भण्डारण परिवहन, विक्रय एवं उपयोग की अनुमति रहेगी।

बेरियम साल्ट के उपयोग से बने हुये तथा लडी (जुडे हुये पटाखे) पटाखे / **for** individual fire - cravker consitituting the series the above memtioned limit be reduced by z log v® (N) db] where N-number of crackeers joined together . पटाखे की The manufacture sale or use firecrackers generating nois level e&ceeding vwz db (AI) or vyz db (C) pk **at y meters distance frome the point of bursing shall be prohibited.** में बने पटाखे। जिनेके निर्माण में **antymony, lithium, mercury, arsenic,lead, strontium, chromate** का उपयोग किया गया ऐसे सभी पटाखे प्रतिबंधित रहेंगे। पटाखों का ई-कामर्स, कंपनियों अथवा निजी व्यक्तियों द्वारा ऑनलाइन विक्रय तथा गैर लायसेंसी विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।

त्यौहार के अवसर पर शांत क्षेत्र अर्थात अस्पताल, नर्सिंग होम, स्वास्थ्य केन्द्र, शिक्षण संस्थायें, न्यायालयों, धार्मिक स्थल आदि से 100 मीटर दूरी तक पटाखो को चलाना प्रतिबंधित रहेगा ।इसी तरह रात्रि 8ः00 बजे से पहले तथा रात्रि 10ः00 बजे के बाद पटाखे चलाना प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश एक पक्षीय पारित किया गया है। उल्लंघन पर भारतीय दण्ड विधान की धारा 128 तहत कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

अब हरिगढ़ के नाम से जाना जाएगा अलीगढ़ ! सर्वस मति से पारित हुआ नाम बदलने वाला प्रस्ताव

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले का नाम बदल कर हरिगढ़ करने की कवायद शुरू हो चुकी है। जिले के सभी पार्षदों ने इस बदलाव के लिए अपनी सहमति दे दी है। महापौर के माध्यम से अब यह प्रस्ताव शासन को अंतिम निर्णय के लिए भेजा जाएगा। अलीगढ़ के जनप्रतिनिधियों ने इसे सनातन पर परा को आगे बढ़ाने का प्रयास बताया है। यह निर्णय सोमवार (6 नव बर, 2023) को लिया गया है।

अलीगढ़ के महापौर प्रशांत सिंघल ने,ह्ळ्ढ से इस बावत बात की है। उन्होंने बताया कि इस माँग को सोमवार को हुई मीटिंग में पार्षद संजय पंडित ने उठाया था। संजय ने इसका एक प्रस्ताव भी बैठक में पेश किया। अलीगढ़ को हरिगढ़ करने की माँग वाले इस प्रस्ताव को सभी पार्षदों ने सर्वस मति से स्वीकार भी कर लिया। महापौर के मुताबिक, अब इस प्रस्ताव पर शासन के अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा है। साथ ही उन्होंने सकारात्मकता से आशा जताई कि शासन इस माँग को स्वीकार कर के अलीगढ़ का नाम हरिगढ़ रखेगा।

अलीगढ़ के महापौर प्रशांत सिंघल ने आगे कहा, ÷हमारी पुरानी स यता, संस्कृति और सनातन धर्म की पर परा रही है उसको ही आगे बढ़ाते हुए हम सब जनप्रतिनिधियों ने यह माँग उठाई है।÷ बताते चलें कि अगस्त माह 2023 में पूर्व मु यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में शामिल हुए उत्तर प्रदेश के डिप्टी ष्टरू केशव प्रसद मौर्य ने भी अलीगढ़ को हरिगढ़ कह कर स बोधित किया था। तब उन्होंने लोगों से नारे लगवाने के दौरान कहा था, ÷आप दोनों हाथ उठाकर बोलिए जय श्री राम, अरे हरिगढ़ वालों और जोर से बोलिए जय श्री राम।÷

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार इस से पहले भी कई महत्वपूर्ण स्थानों का नामकरण उनके प्राचीन वैदिक नामों से कर चुकी है। इसमें इलाहाबाद को प्रयागराज और फैज़ाबाद को अयोध्या का दिया गया नाम प्रमुख है। हिन्दू संगठन ल बे समय से अलीगढ़ नाम नाम बदल कर हरिगढ़ करने की माँग उठाते रहे हैं।

मंदिर आधारित अर्थव्यवस्था से बढ़ रहा भारत

अथर्व पंवार-

भारत एक ऐसा देश है जहाँ की धरती विभिन्न संस्कृति और रीति रिवाजों से पोषित और पल्लवित है तथा इसका मु य मानबिंदु है इस देश की जीवनशैली और यहाँ जन्मा धर्म। भारत की प्राचीन एवं उच्च कोटि की परंपरा के सभी घटकों में धर्म के समन्वय एवं उनमें धर्म के आचरणों की एक विस्तृत व्या या की गई है। व्यापार और अर्थव्यवस्था में भी धर्म एक मु य मान बिंदु रहा है।

उदाहरणार्थ भारत के धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार में धर्मस्थलों की एक विशेष भूमिका रही है। मध्यकाल में अजरबैजान, रूस आदि देशों में बनवाए गए धार्मिक स्थल मु यतः व्यापारियों के द्वारा ही बनवाए गए थे जिसके कारण यात्राओं का व्यवसाय आर भ हुआ एवं उस क्षेत्र में संस्कृति का प्रचार-प्रसार भी हुआ . भारत के व्यापारी वहां भारतीय वस्तुओं के साथ अपनी जीवन शैली भी ले गए थे जिसका अनुसरण करते हुए उन्होंने वहां मंदिर बनवाए जो इतिहास में अंकित होने के बाद भी अपनी जड़ें आज भी भारत से जोड़ते हैं।

प्राचीन भारत की संस्कृति का सूक्ष्मता से अध्ययन करने पर भी विदित होता है कि मंदिर मात्र एक तीर्थ स्थल नहीं होते थे बल्कि वह एक सामुदायिक स्थल थे। दक्षिण भारत में आज भी देखा जा सकता है कि कई तालुकाओं के निर्माण में मध्य में मंदिर स्थापित होता था तथा उसके बाद रहवासी एवं व्यावसायिक क्षेत्र बसाए जाते थे। तमिलनाडु के बृहदेश्वर मंदिर और भोपाल की कुदिसी मस्जिद के स्थान पर उसके पूर्व बनवाए गए मंदिर के शिलालेखों में इसका प्रामाणिक उल्लेख मिलता है. मंदिर परिसर में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, भोजन, छात्रावास, विश्राम के साथ-साथ धन को जमा करने एवं लोन सुविधाएँ भी उपलब्ध करवाई जाती थी, मंदिर एक प्रकार का बैंक होते थे। जिसके कारण मंदिर एक तीर्थ स्थल के साथ-साथ लोक-कल्याण के केंद्र भी होते थे तथा एक विशिष्ट क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के केंद्र भी होते थे।

आज नया भारत भी इस मंदिर के माध्यम से निर्मित अर्थव्यवस्था को राष्ट्व्यापी एवं विश्वव्यापी स्तर तक ले जा रहा है। जहाँ मंदिर होते हैं उसके आसपास विकास कार्य स्वतः ही हो जाते हैं , प्राचीन भारत में हर क्षेत्र को धन लाभ इन्हीं तीर्थस्थलों से होता था . हर मंदिर में आकर्षक शिल्पकला, भव्यता, अलौकिक विग्रहों के कारण यह आध्यात्मिक होने के साथ-साथ पर्यटन स्थल भी थे। यह व्यवस्था स पूर्ण भारत में थी। मंदिरों के माध्यम से अर्थव्यवस्था का उत्थान करने की नीति ही 'टे पल इकॉनमी' कहलाती है।

आज इस 'टे पल इकोनॉमी' से भारत की जीडीपी में भी वृद्धि हो रही है. नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (ह्स्स्ह्र) के अनुसन्धान के अनुसार आज राष्ट्रीय स्तर पर यह टे पल इकॉनमी भारत की अर्थव्यवस्था में 3.02 लाख करोड़ का योगदान दे रही है वहीँ भारत की जीडीपी में 2.32 प्रतिशत भागीदारी करती है। ह्स्स्ह्र के शोध में बताया गया है कि भारत में मंदिरों या तीर्थस्थलों में दर्शन करने वाले पर्यटकों या श्रद्धालुओं में 87 प्रतिशत भारतीय हैं तथा 13 प्रतिशत विदेशी या विदेश में रह रहे भारतीय हैं . प्रतिवर्ष धार्मिक यात्राओं द्वारा 4.74 लाख करोड़ का व्यापार होता है। वर्ष 2022-23 में केंद्र सरकार को 19,34,706 करोड़ का राजस्व मंदिरों से प्राप्त हुआ था।

20 लाख से भी अधिक मंदिरों वाले भारत देश में 8 करोड़ लोग पर्यटन और यात्रा के उद्योग से जुड़े हुए हैं। जिसके कारण आज इस टे पल इकॉनोमी को सशक्त करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार भी योजनाबद्ध रूप में कार्य कर रही है। अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के लिए महाकाल लोक , काशी विश्वेश्वर के लिए काशी कोरिडोर, केदारनाथ में मंदिर जीर्णोद्धार एवं शंकराचार्य स्थल, ओ कारेश्वर में एकात्म धाम, कश्मीर में शारदा पीठ का जीर्णोद्धार, उत्तराखंड में कैलाश दर्शन आदि कार्य इस टे पल इकोनोमी के अंतर्गत किए गए सराहनीय कार्य ही हैं जिनके माध्यम से राज्य (ह्यह्लड्डह्लद्ग) को आर्थिक रूप से लाभ हो रहा है तथा इन क्षेत्रों में व्यापार और रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ चुकी है।

मंदिरों को मात्र आस्था का केंद्र ही माना जाता था लेकिन यह करोड़ों लोगों के जीवनयापन का कारण बन गए हैं . मंदिरों से पुष्प, तेल, वस्त्र, सुगंध सामग्री आदि जैसे लघु उद्योगों का उत्थान होता है, साथ ही यात्रा(ट्रांसपोर्ट और ट्रेवल), विश्रामगृह (होटल), चिकित्सा आदि क्षेत्र में भी प्रगति होती है। जहाँ मंदिर होते हैं उसके आसपास के क्षेत्र में जमीन का मूल्य भी बढ़ता है जिसके कारण भूमि का व्यवसाय भी स्वर्णिम बनता है। मंदिरों के माध्यम से कला, संस्कृति एवं शिक्षा के संरक्षण एवं संवर्धन के मार्ग भी खुलते हैं जो स्वयमेव एक उत्कृष्ट व्यवसाय है।

आज इस टे पल इकोनोमी से समस्त विश्व अवगत हो चुका है एवं वैश्विक स्तर पर हो रहे मंदिर निर्माण इसके साक्षात् उदाहरण है। जहाँ इंडोनेशिया, थाईलैंड, लाओस आदि देश भारतीय संस्कृति के द्योतक भव्य मंदिरों को पर्यटन स्थलों के रूप में स्थापित कर के अपनी अर्थव्यवस्था में आंशिक योगदान दे रहे हैं, वहीं कुछ वर्षों में संयुक्त राज्य अमीरात, अमेरिका, ब्रिटेन आदि देश भी भारत की इस व्यवस्था का अनुसरण कर के मंदिर निर्माण कर चुके हैं तथा अन्य देश भी इसी पंक्ति में आगे बढ़ रहे हैं।

मंदिर आध्यामिक उर्जा के केंद्र हैं लेकिन उन्हें पर्यटन केंद्र के रूप में भी मानकर हम अर्थव्यवस्था का सुधार तो करते ही हैं, साथ ही उस तीर्थस्थल से जुड़ने वाले व्यक्ति में हम गौरवशाली संस्कृति का बोध तथा संस्कार के बीजों का भी अंकुरण करते हैं . आज भारत आगे बढ़ रहा है, भारतीयता का प्रचार हो रहा है, धर्म का प्रसार हो रहा है, विश्व सनातन हो रहा है तथा स्व के बोध की जागृति हो रही है, तो उसका कारण संस्कृति के मान बिंदु अर्थात मंदिर एवं उनसे माध्यम से होने वाला धार्मिक- सामाजिक और आर्थिक विकास भी है.

जिस प्रकार से 'टे पल इकॉनमी' में भारत आगेबढ़ रहा है उसे देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि भारत के सकल घरेलु उत्पाद (जीडीपी) में एक बड़ा क्षेत्र (से टर) मंदिर बन सकते हैं तथा वैश्विक स्तर पर तेल, शस्त्र और स्वास्थ सेवाओं के आसपास घूम रही आर्थिक व्यवस्था की धुरी अमानवीय मानसिकता का परित्याग कर मंदिर, धार्मिक शिक्षा एवं भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार की व्यवस्था का निर्माण एवं उसके माध्यम से धनार्जन की ओर घूम सकती है जिससे वसुधैव कुटु बकम का विचार स्थापित हो जाएगा एवं समस्त विश्व हमारे आदि धर्म का अनुसरण करने लगेगा. यह टे पल इकॉनोमी ही भारत को विश्वगुरु बनाने की उत्प्रेरक सिद्ध होगी एवं भारत को वैश्विक पटल पर सभी व्यवस्थाओं के केंद्र के रूप में स्थापित करेगी।

पीएम मोदी ने सतना की चुनावी सभा में कहा- मतदान से पहले कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा फूट गया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सतना की चुनावी सभा में कहा कि %मतदान से पहले ही कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा फूट गया है। उसके पास मध्यप्रदेश के विकास का कोई रोडमैप नहीं है। कांग्रेस के थके-हारे चेहरों में स्ब्क्क के युवाओं को कोई भविष्य नहीं दिखता। इसीलिए स्ब्क्क को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। क्करू ने वादा करते हुए कहा, %अयोध्या में जिस भक्ति से हम प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बना रहे हैं, उसी भक्ति से गरीबों के घर भी बनाते हैं। जिन्हें अभी भी घर (क्करू आवास) नहीं मिला है, उन्हें मोदी की गारंटी है कि उनका घर भी बनेगा। 3 दिसंबर को सरकार वापसी पर क्करूआवास का काम तेजी से शुरू होगा। ये मोदी है, जिसने 4 करोड़ घर बनाए, लेकिन खुद के लिए घर नहीं बनाया।%

उन्होंने कहा कि मैं आजकल जहां भी जाता हूं, वहां अयोध्या में बन रहे प्रभु राम के मंदिर की चर्चा चलती है। पूरे देश में खुशी की लहर है। सौभाग्य से भरे इस पावन कालखंड में मेरे मन में एक बात बार-बार आती है। यह बात मुझे आंदोलित करती रहती है और मुझे तेज गति से दौड़ने की प्रेरणा देती रहती है। यह बात है राम काज कीन्हें बिनु, मोहि कहां विश्राम मानें अब रुकना नहीं है, थकना नहीं है।

एक वोट में त्रिशक्तियां, यानी तीन कमाल

पीएम मोदी ने कहा कि स्ब्क्क के चुनाव में आपका हर वोट त्रिशक्ति की ताकत से भरा हुआ है। आपका एक वोट यहां फिर से भाजपा की सरकार बनाने जा रहा है। आपका वोट दिल्ली में मोदी को मजबूत करेगा। आपका यही वोट भ्रष्टाचारी कांग्रेस को स्ब्क्क की सरकार से सौ कोस दूर रखेगा। यानी एक वोट, तीन कमाल

कांग्रेस ने 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी बनाए

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देशभर में करीब 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी बनाए। जिनका जन्म भी नहीं हुआ था, कांग्रेस सरकार उनके नाम से तिजोरी से पैसे निकालती थी। ये पैसे कांग्रेस के चेले-चपाटों की जेब में जाते थे। मोदी ने ये सारे घोटाले बंद कर दिए। कांग्रेस के करप्शन राज में बिचौलियों की मौज थी। इस पर भी ताला लगा दिया।

कांग्रेस आई तो योजनाएं कर देगी बंद

स्ब्क्क में कांग्रेस ने आपके सामने 2 ऐसे नेता खड़े किए हैं, जो कई दशकों से मध्यप्रदेश कांग्रेस को चलाते हैं। आजकल दोनों एक-दूसरे के कपड़े फाड़ रहे हैं। कांग्रेस आई तो मु त राशन मिलना बंद हो जाएगा। मु त में इलाज मिलना बंद हो जाएगा। लाड़ली बहना योजना बंद हो जाएगी। वहीं, उन्होंने कहा कि ये सतना की ही ताकत और सामर्थ्य है कि बंदूक की नली से संगीत के सुर निकलते हैं। विश्व में जब चारों तरफ बम-बंदूक की आवाजें सुनाई दे रही हैं, भारत जैसे देश आज दुनिया में अपने विचार का प्रभाव पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। युद्ध की मानसिकता वाले मानव समुदाय को सतना की इस धरती का ये बहुत ही सशक्त संदेश है।

विंध्य की 30 विधानसभा सीटों को किया कवर

PM की सतना की सभा ने विंध्य की 30 विधानसभा सीटों को कवर किया। सतना की 7 तो रीवा जिले की 8 सीटों पर इसका सीधा असर पड़ा। छतरपुर की सभा से छतरपुर की 6, पन्ना की 3, टीकमगढ़ की 3, निवाड़ी की 2 सीट को क्करूकवर करेंगे। यह सभा बुंदेलखंड की 26 सीटों पर असर डालेगी। नीमच की सभा से नीमच की 3, मंदसौर की 4 सीट को कवर करेंगे। निमाड़ के दूसरे जिलों में भी इस सभा का असर होगा।

हिंदुओं को न मिले ज्ञानवापी, इसलिए 50-60 हजार की मुस्लिम भीड़ ने रोका था रास्ता, वकील की आपबीती

मई 2022 के दौरान जब वह और उनके पिता हरिशंकर जैन वाराणसी के विवादित ज्ञानवापी ढाँचे के सर्वे के लिए जा रहे थे तब उनकी गाड़ी को कैसे मुस्लिम भीड़ ने घेर लिया था। यह भीड़ इन दोनों को ज्ञानवापी ढाँचे तक नहीं पहुँचने देना चाहती थी। यह बात वकील विष्णु शंकर जैन ने ज्ञानवापी परिसर को लेकर कही।

श्री जैन के इस बुरे अनुभव को विक्रम संपत की आगामी किताब में भी जगह दी जाएगी। यह किताब काशी पर ही लिखी गई है। इसी किताब के लिए किए गए एक इंटरव्यू का एक छोटा हिस्सा ऐ स (पहले ट्विटर) पर आनंद रंगनाथन ने डाला है।

विष्णु शंकर और उनके पिता हरिशंकर जैन, दोनों ही इस ज्ञानवापी के विवादित ढाँचे के मामले में हिन्दू पक्ष की तरफ से लड़ रहे हैं। उनको बीते वर्ष ज्ञानवापी ढाँचे तक पहुँचने से रोकने के लिए अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद ने यह भीड़ इकट्ठी की थी। ज्ञानवापी ढाँचे का यह सर्वे न्यायालय के आदेश पर ही हो रहा था। विष्णु शंकर जैन ने बताया कि वीडियोग्राफी सर्वे वाले दिन की यादें उनके हृदय में अभी भी ताजा हैं।

उन्होंने बताया, ÷यह 5 या 6 मई 2022 का दिन था जब ज्ञानवापी ढाँचे के अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी के सेक्रेटरी ने कहा था कि वह ढाँचे के भीतर का वीडियोग्राफी सर्वे नहीं होने देंगे। उनके ही कहने पर 50 से 60 हजार मुस्लिमों ने मैदागिन से लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट न बर 4 का रास्ता जाम कर दिया था।÷

आगे विष्णु शंकर ने बताया, ÷यह पूरी भीड़ टोपी लगाए हुए थी और एक ख़ास तरीके का इसका पहनावा था। आप आसानी से पहचान सकते थे कि यह मुस्लिम हैं। मैं और मेरे पिताजी गाड़ी में थे और मैदागिन क्रासिंग से काशी विश्वनाथ के गेट न बर 4 की तरफ जा रहे थे।÷

उन्होंने कहा, ÷कुछ देर के लिए हमें लगा कि हम कभी भी वहाँ तक नहीं पहुँच सकेंगे। हमें लग रहा था कि हम पर हमला हो जाएगा और यह लोग गेट न बर 4 तक पहुँचने नहीं देंगे। मैंने इस स्थिति में अपने पिता की तरफ असहाय होकर देखा। उन्होंने मुझे धैर्य के साथ बताया कि हम आज महादेव के पास जरूर पहुँचेंगे चाहे जीवित या फिर मृत।÷

विष्णु शंकर ने कहा कि इस घटना के कुछ ही दिनों के बाद ढाँचे के अंदर स्थित वुजुखाने से ना केवल शिवलिंग मिला बल्कि स्वास्तिक, नंदी बैल और कमल जैसे कई हिन्दू चिन्ह विवादित ढाँचे की दीवारों पर मिले।

गौरतलब है कि 8 मई 2022 को न्यायालय को आदेश देकर ढाँचे की वीडियोग्राफी रुकवानी पड़ी थी ` योंकि यहाँ पर इकट्ठा भीड़ सर्वे वाली टीम को ढाँचे के अंदर सर्वे नहीं करने दे रही थी। टीम ने बाहर सर्वे पूरा कर लिया था लेकिन उन्हें भीड़ अंदर नहीं घुसने देना चाहती थी। इस मामले में हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को ढाँचे के अंदर सर्वे करने की अनुमति दे दी है। उसने अंजुमन इंतेजामिया कमेटी की इस सर्वे को रोकने वाली याचिका को खारिज कर दिया है।

जबलपुर में दो सड़क हादसों में तीन की मौत, दो गंभीर

जबलपुर। गोसलपुर और मझगवां में सड़क हादसे में तीन मौत हो गई। गोसलपुर में तेज र तार हाईवा ने बुधवार देर रात बाइक को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गुरुवार सुबह मझगवां में दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो अन्य गंभीर रूप से ज मी हो गया। पुलिस ने शवों का पीएम कराने के बाद स्वजन को सौंप दिया। गोसलपुर पुलिस ने हाईवा चालक और मझगवां पुलिस ने बाइक चालक पर प्रकरण दर्ज किया है।

दोस्त के साथ बाइक से बहोरीबंद गया था

गोसलपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम हृदय नगर निवासी प्रवीण पटेल (20) वेल्डिंग का काम करता था। बुधवार रात वह दोस्त साजन गोटियां उर्फ करण (25) समेत अन्य के साथ बाइक से बहोरीबंद गया था। वे बाइक एमपी 20 एनई 9332 से थे। वे रूमी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे कि तेज र तार हाइवा एमपी 38 एच 1713 के चालक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के साथ ही प्रवीण और साजन सड़क पर गिर गए। दोनो को सिर व हाथ पैर मे गंभीर चोटें आई।

यशस्वी व्यक्तित्व के धनी उत्तमचंद इसराणी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का काम ऐसे समर्पित लोगों के बल पर खड़ा है, जिन्होंने गृहस्थ होते हुए भी अपने जीवन में संघ कार्य को सदा प्राथमिकता दी. ऐसे ही एक यशस्वी अधिवक्ता थे श्री उत्तमचन्द इसराणी. श्री इसराणी का जन्म 10 नव बर, 1923 को सिन्ध प्रान्त में से खर जिले की लाड़काणा तहसील में स्थित गाँव 'मियाँ जो गोठ' (वर्तमान पाकिस्तान) में हुआ था. बालपन में ही वे संघ के स्वयंसेवक बन गये थे. उन दिनों सिन्ध में मुस्लिम गतिविधियाँ जोरों पर थीं. पाकिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाते हुये मजहबी गुंडे रात भर हिन्दू बस्तियों में घूमते थे. ऐसे में हिन्दू समाज का विश्वास केवल संघ पर ही था. शाखा पर सैकड़ों स्वयंसेवक आते थे. शायद ही कोई हिन्दू युवक ऐसा हो, जो उन दिनों शाखा न गया हो.

पर इसके बाद भी देश का विभाजन हो गया. कांग्रेसी नेताओं की सत्ता लिप्सा ने सिन्ध, पंजाब और बंगाल के करोड़ों हिन्दुओं को अपना घर, खेत, कारोबार और वह मिट्टी छोड़ने पर मजबूर कर दिया, जिसमें वे खेल कर बड़े हुए थे. लाखों हिन्दुओं को अपनी प्राणाहुति भी देनी पड़ी.

श्री इसराणी अपने परिवार सहित मध्य प्रदेश के भोपाल में आकर बस गये. भोपाल में उन्होंने अपना परिवार चलाने के लिये वकालत प्रार भ कर दी. इसी के साथ वे संघ कार्य में भी सक्रिय हो गये. बहुत वर्षों तक सिन्धी कालोनी वाला उनका मकान ही संघ का प्रान्तीय कार्यालय बना रहा. इस प्रकार उत्तमचन्द जी और भोपाल का संघ कार्य परस्पर एकरूप हो गये. प्रार भ में उन्हें संघ के भोपाल विभाग कार्यवाह का दायित्व दिया गया. इसके बाद प्रान्त कार्यवाह और फिर प्रान्त संघचालक की जि मेदारी उन्हें दी गयी. जब मध्य भारत, महाकौशल और छत्तीसगढ़ प्रान्तों को मिलाकर एक क्षेत्र की रचना की गयी, तो उन्हें क्षेत्र संघचालक का काम दिया गया.

1975 में जब देश में आपातकाल लगा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया, तो इसराणी जी पूरे समय जेल में रहे. वह अत्यन्त कठिन समय था. वकालत बन्द होने से घर की आय रुक गयी, फिर भी एक स्थितप्रज्ञ सन्त की भाँति उन्होंने धैर्य रखा और जेल में बन्द सभी साथियों को भी साहसपूर्वक इस परिस्थिति का सामना करने का स बल प्रदान किया.

इसराणी जी को पूर्ण विश्वास था कि सत्य की जय होगी और यह स्थिति बदलेगी, चूँकि संघ ने कभी कोई गलत काम नहीं किया. 1977 में आपातकाल की समाप्ति और प्रतिबन्ध समाप्ति के बाद वे फिर संघ कार्य में सक्रिय हो गये. जब उनका स्वास्थ्य खराब रहने लगा, तो उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह कर दायित्व से मुक्ति ले ली. इसके बाद भी 'अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद' के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते जो स भव हुआ, काम करते रहे.

एक बार जबलपुर प्रवास में उन्हें भीषण हृदयाघात हुआ. उसके बाद उन्हें भोपाल लाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया; पर इसके बाद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हो सका और 5 दिस बर, 2007 को उनका शरीरान्त हुआ.

माननीय सुदर्शन जी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा, ''उत्तमचन्द जी ने राष्ट्र के हित में सर्वांग यशस्वी जीवन कैसे बिताया जा सकता है, इसका अनुकरणीय उदाहरण हमारे स मुख रखा है. यशस्वी गृहस्थ, यशस्वी अधिवक्ता, यशस्वी सामाजिक कार्यकर्ता, यशस्वी स्वयंसेवक, यशस्वी कार्यवाह और यशस्वी संघचालक जैसी भूमिकाओं को विभिन्न स्तरों पर निभाते हुए दैनन्दिन शाखा जाने के अपने आग्रह में उन्होंने कभी कमी नहीं आने दी.'

मौसम के कारण भोपाल के बच्चों में निमोनिया का खतरा, स्वास्थ्य विभाग की तैयारी शुरू

प्रदेश की राजधानी भोपाल में मौसम के असामान्य परिवर्तन के कारण बच्चों में निमोनिया का खतरा पैदा हो गया है। स्थिति के गंभीर होने से पहले ही स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। यहां बताना जरूरी है कि निमोनिया बिगड़ने के कारण शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों की मृत्यु हो जाती है।

सर्दी के मौसम में बच्चों में निमोनिया के केसेस ज्यादा पाए जाते हैं

भोपाल कले टर ऑफिस से मिली जानकारी के अनुसार, जिला चिकित्सालय जयप्रकाश में वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.स्मिता से सेना एवं डॉ. प्रिंसिका जैन ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की एएनएम को निमोनिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी, ताकि पीड़ित बच्चों को तत्काल प्राथमिक इलाज दिया जा सके। बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें निमोनिया के आकलन, निमोनिया का वर्गीकरण, खतरनाक लक्षणों के चिन्हों की पहचान, समुदाय आधारित निमोनिया का प्रबंधन, उपचार एवं रेफरल के संबंध में जानकारी दी गई। मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ.प्रभाकर तिवारी ने बताया कि सर्दी के मौसम में बच्चों में निमोनिया के केसेस ज्यादा पाए जाते हैं। इसे देखते हुए मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है जिससे कि वह अपने क्षेत्र में निमोनिया के लक्षण वाले बच्चों की शीघ्र पहचान कर शीघ्र प्रबंधन कर सकें। निमोनिया से बचाव एवं जागरूकता हेतु विभाग द्वारा 12 नवंबर से 29 फरवरी तक सांस अभियान संचालित किया जा रहा है।

मतदान एवं मतगणना को लेकर शुष्क दिवस के आदेश जारी

सिवनी यशोः- मु य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 मद्देनजर मतदान दिवस 17 नव बर 2023 को दृष्टिगत रखते हुए 15 नव बर 23 को शाम 6 बजे से लेकर 17 नव बर 23 शाम 6 बजे तक (48 घंटे) एवं मतगणना दिवस 3 दिस बर 2023 को स पूर्ण दिवस (एक दिन) का शुष्क दिवस घोषित किया है।

उक्त शुष्क दिवस अवधि में जिले की मदिरा विक्रय की समस्त क पोजिट मदिरा दुकाने, बार लायसेंस एफ.एल-3 (क), विदेश मदिरा भाण्डागार सिवनी, देशी मदिरा भाण्डागार सिवनी एवं लखनादौन से किसी भी प्रकार की मदिरा का विक्रय / वितरण अथवा प्रदायगी को प्रतिबंधित किया है। साथ ही जिले के स पूर्ण विधानसभा मतदान क्षेत्र में किसी भी होटल, आहार गृह, गैर मालिकानो लब, मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्राकृति या अन्य पदार्थ का भी विक्रय / वितरण प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं।

कांग्रेस तबाही और बरबादी का दूसरा नाम है-श्रीकांत

सिवनी यशोः- कांग्रेस का चरित्र और कार्यशैली विनाशलीला की रही है विकास से उसका ना कोई नाता है ना विकास की नीयत। जनता भी समझ चुकी है कि कांग्रेस आई तबाही लाई। कांग्रेस के लिए सत्ता देश की तबाही का एक साधन और हथियार मात्र है। कांग्रेस का अपराधियों और आतंकियों से एसा गठबंधन है जो प्रदेश को अराजकता की ओर ढकेलने का मंसूबों पाले हुए हैं। जब-जब कांग्रेस के हाथ में सत्ता आई है इन्होंने देश और प्रदेश को बर्बाद कर अपनी जेब भरने के अलावा कुछ काम नहीं किया।इस आशय की बात भाजपा मिडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल द्वारा कही गई।

कांग्रेस का झूठ का गुब्बारा फूट गया है

श्री अग्रवाल ने कहा कि, इस बार प्रदेश में किसकी सरकार बनाना है यह मातृशक्ति तय करने वाली हैं। मतदान की तिथि नजदीक आ रही है लेकिन उससे पहले ही कांग्रेस को झूठ का गुब्बारा पंचर हो गया है, फूट गया है। कांग्रेस के झूठ के गुब्बारे की हवा निकल गई है। जब गुब्बारे की हवा तेजी से निकलती है, तो वह कैसे लड़खड़ाते हुए, शोर मचाता हुआ इधर-उधर भागता है। आजकल कांग्रेस के नेता वैसे ही लहराते हुए इधर-उधर भागते हुए शोर मचा रहे हैं।

कांग्रेस आई तो ना लाडली रहेगी ना बहना रहेगी

श्री अग्रवाल ने कहा कि, कांग्रेस पहले जब सत्ता में थी तो न सड़क, न बिजली न पानी की व्यवस्था थी ना इन्हें गरीबों की चिंता की ना ही किसानों, वंचितों, आदीवासी भाईयों, युवाओं, छात्रों, महिलाओं, वृद्धजनों की फिकर थी। फिर दोबारा

15 महीने के लिए सत्ता में आई तो भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाएं, संबल योजना, तीर्थ दर्शन योजना सहित सभी बंद कर दी, इन्हीं पापों के कारण कांग्रेस चली गई। वैसे तो कांग्रेस आएगी नहीं अगर भूल से आ गई तो लाडली बहना योजना बंद करेगी। ना लाडली रहेगी ना बहना रहेगी। ये अगर आ गए तो सारी योजनाओं पर ताला लगा देंगे। लेकिन अब जनता इनके सत्ता में आने के रास्ते पर ही ताला लगा देने का संकल्प ले चुकी है।

कांग्रेस ने गरीबों के सपने चकनाचूर कर दिये

श्री अग्रवाल ने कहा कि,भाजपा सामाजिक क्रान्ति के लिए काम करती है। देश और प्रदेश का समग्र विकास और जनता की जिन्दगी बदलना भाजपा का संकल्प है। बच्चों का भविष्य बेहतर करना भाजपा का लक्ष्य है।कांग्रेस ने गरीबों के सपनों को चकनाचूर कर दिया, वहीं भाजपा ने गरीबों के उत्थान और उसके सपनों को पूरा करने के लिए रात-दिन एक कर दिया है। आज श्री शिवराज सिंह जी के नेतृत्व में प्रदेश एवं प्रधानमंत्री नेरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। जनता भाजपा के साथ है, मोदी जी के साथ है, शिवराज जी के साथ है। जनता विकास और विकास की सोच रखने वालों के साथ है।

अस्थाई कने शन लेकर करें सिंचाई के लिए विद्युत मोटर उपयोग

सिवनी यशोः- अधीक्षण अभियंता मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सिवनी द्वारा सिवनी जिले के स माननीय किसानों/उपभोक्ताओं को अवगत कराया जाता है कि वर्तमान में विद्युत विभाग द्वारा विद्युत चोरी को रोकने हेतु सघन अभियान चलाया है जिसके तहत ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने अस्थाई कने शन नहीं लिया है, तथा अवैधानिक रूप से बिजली का उपयोग करते पाये जाने पर उनके विरूद्ध मोटर, स्टार्टर तथा वायर जप्त करने के साथ-साथ विभागीय कार्यवाही, न्यायिक व पुलिस कार्यवाही भी की जा रही है।

श्री पी.के. अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता सिवनी द्वारा तबाया गया कि विगत एक सप्ताह से चालू इस सघन चेकिंग अभियान के तहत 148 प्रकरण प्रशासन के सहयोग से बनाये गये हैं, जिन पर मोटर, स्टार्टर व तार जप्त करने की कार्यवाही की गई है, जो कि डायरे ट विद्युत का उपयोग कर मोटर चला रहे थे जिन पर वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया जावेगा। अधीक्षण अभियंता द्वारा सभी निरीक्षण दलों को निर्देशित किया है कि आगामी आने वाले दिनों में और अधिक सघन अभियान चलाकर बिजली चोरी के प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही करें।

सिवनी जिले के स मानीय किसानों से पुनः से अपील की जाती है कि असुविधा से बचने के लिये बिजी का उपयोग करने के पूर्व नियमानुसार स्थाई/अस्थाई विद्युत कने शन लेकर ही सिंचाई प प कने शनों का उपयोग करें।

खाद्य पदार्थों की गुणवंत्ता की जांच के लिये गये नमूने

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल द्वारा मानव स्वास्थय को लेकर त्यौहारों के मद्देनजर मिठाइयों, मावे एवं अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की स भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए, अमानक खाद्य पदार्थों के विक्रय की रोकथाम लगाने एवं ऐसी सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने संबंधी निर्देशों के परिपालन में खाद्य विभाग के जांच दल द्वारा सतत खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच की जा रही है।

इसी क्रम में तहसील छपारा, केवलारी एवं सिवनी स्थित विभिन्न होटलों, जलपान गृह और किराना दुकानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच हेतु नमूना लिया गया। मेसर्स उत्तम स्वीट्स से मगज का लड्डू एवं पेड़ा का नमूना एवं हरि ओम स्वीट्स से मावा, जलेबी, सल्लू स्वीट्स से कुंदा पेड़ा, ग्राम झगरा निवासी दुध विक्रेता बबलू ठाकुर से दूध, खोवा नवीन खोवा भंडार से दूध खोवा, सोनी होटल से खोवा एवं कुंदा, जोधपुर मिष्ठान भंडार केवलारी से रसगुल्ला एवं पनीर, न्यू गुजरात बेकरी एंड केक दुकान से काजू कतली और पनीर का नमूना, छपारा स्थित यशपाल ढाबा से पनीर, मेसर्स हरिओम किराना से राजगीर आटा और चिरोंजी दाना, सुरेश किराना छपारा से खड़ा गरम मसाला, फल्लीदना, जैन होटल से दूध बर्फी, कुंदा पेड़ा, पेड़ा का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया एवं संबंधितों को प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई की कमी एवं अस्वच्छ परिस्थिति में निर्माण, बिना पंजीयन व्यापार करने के कारण खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 58, 56 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

भाजपा ने सत्ता के माध्यम से सेवा की है - नरेन्द्र ठाकुर

सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी के सिवनी दक्षिण मंडल के संयोजक नरेद्र गुड्डू ठाकुर ने मंडल अध्यक्ष अभिषेक दुबे तथा मंडल के कार्यकर्त्ताओं के साथ सिवनी दक्षिण मंडल के शहीद वार्ड एवं सुभाष वार्ड में भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन के पक्ष तूफानी जनसंपर्क किया और युवाओं तथा आम मतदातो से भाजपा के लिये समर्थन मांगा । नगर के युवाओं ने इस वार्डो में जनसंपर्क के दौरान उत्साह के साथ भाग लिया और कहा कि भाजपा कि ने सीखो सिखाओं योजना के माध्यम से युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और युवाओं के लिये यह योजना वरदान साबित होगी ।

जनसंपर्क के दौनान श्री ठाकुर ने

अनेक स्थानों में युवाओ के साथ संवाद किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता के माध्यम से सेवा के कार्य करती है और राष्ट्र स्वाभिमान के लिये समर्पित राजनैतिक दल है । भाजपा ने भगवान श्रीराम का मंदिर बनाने का रास्ता साफ कर दिया और भव्य मंदिर का निर्माण किया है, सनातन धर्म की रक्षा के लिये खड़ी रहती है । भ्रष्टाचारियों, दलालो की दुकाने भाजपा के सत्ता में आने से बंद हो जाती है भाजपा देश हित में काम करती है । युवाओं को एक जुटता के साथ भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में काम करना चाहिये श्री ठाकुन ने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने गरीब जनता की सेवा और विधानसभा क्षेत्र में विकास के ऐसे कार्य किये है जो कांग्रेस नहीं कर सकती है । सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विकास के जो काम किये वे बड़ी ईमानदारी से हो रहे है उन्होंने किसी भी कार्य में एक रूपये का भ्रष्टाचार नहीं होने दिया कमीशन नहीं लिया इसलिये पूरे विधानसभा क्षेत्र के सरपंच सचिव और अधिकारी उनके प्रति सदभावना रखते उनका स मान करते है । श्री ठाकुर ने कोराना कार्यकाल में किये गये विधायक के सेवा कार्यो का उल्लेख भी किया ।

राज्यस्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन समिति द्वारा 542 विज्ञापन अनुप्रमाणित किये गये

भोपाल । विधानसभा निर्वाचन-2023 में राजनैतिक दलों को विज्ञापन एवं अन्य प्रचार सामग्री को अनुप्रमाणित कराना अनिवार्य है। इस कार्य के लिये मु य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में राज्यस्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन समिति गठित की गई है। इस समिति द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक राजनैतिक दलों द्वारा विज्ञापनों एवं अन्य प्रचार सामग्रियों के अनुप्रमाणन के लिये आवेदन किये जाने पर निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर अनुप्रमाणन दिया जा रहा है।

समिति द्वारा 11 अ टूबर से 8 नव बर तक कुल 542 विज्ञापन अनुप्रमाणित किये गये है।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के दल ने किया खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

विभिन्न खाद्य पदार्थों का लिया नमूना

सिवनी यशोः- त्यौहार पर मिठाइयों तथा मावे की खपत बढ़ने के कारण खाद्य सुरक्षा प्रशासन टीम के द्वारा सतत् निगरानी एवं सघन निरीक्षण कार्य किए जा रहे हैं। कले टर श्री क्षितिज सिंघल के आदेशानुसार एवं मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपाल सिंह ठाकुर सिंह के मार्गदर्शन में आज दिनांक 09/11/23 को होटलों,जलपान गृह, मावा एवम् कुंदा निर्माण स्थल, मिठाई विक्रताओ पर सतत निरीक्षण कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनाँक 9/11/2023 को लखनादौन स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार से बर्फी एवम नमकीन सेव, अभिनव जलपान गृह से दूध बर्फी एवं छेना, सरकार दूध डेरी से गाय एवं भैंस का मिश्रित दूध, जय बजरंग

दूध डेरी से पनीर का नमूना, भोमा स्थित राय मावा भंडार से मावा, धनौरा तहसील के ग्राम पाटन रैयत के धुर्वे खोवा दुकान से खाद्य पदार्थ खोवा धनोरा तहसील में के हरि दूध डेरी से पनीर और दूध का नमूना , ग्राम हिंगवानी मे संचालित प्रकाश पटेल के परिसर से खाद्य पदार्थ कुंदा ग्राम कहानी में शंकर खोवा भंडार से खाद्य पदार्थ कुंदा लूज का नमूना लिया, आमागढ़ शुभम ट्रेडर्स से सोन केक ,गुलाब जामुन और गुलाब जामुन पाउडर तथा टिकारी से साहू डेरी से पनीर तथा गंगेरुआ सोनी होटल से पेड़ा और मोतीचूर के लड्डू नमूना जांच की कारवाही की गई ,साफ सफाई की कमी एवम अस्वच्छ स्थिति में निर्माण ,बिना पंजीयन व्यापार करने के करना खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 58,56 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए, एवम धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु रैली एवं शपथ

कृषि वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राओ द्वारा मतदान जागरूकता हेतु लिया शपथ

सिवनी यशोः- कृषि विज्ञान केंद्र, सिवनी द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वीप के अर्न्तगत 17 नव बर को मतदान हेतु मतदाताओ को संदेश व जागरूकता के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र, के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रावे) की छात्राओं समस्त कृषि वैज्ञानिक व कर्मचारियों द्वारा मतदान रैली व जागरूकता हेतु मतदान शपथ ली गई, इस हेतु के.वी.के-प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल द्वारा सभी को मतदान शपथ दिलाई गई। शपथ के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एन. के. सिहं, डॉ. के. के. देशमुख डॉ. राजेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. के. पी. एस सैनी, इंजी. कुमार सोनी, डॉ. जी. के. राणा, आभा श्रीवास्तव. शुभम् झारिया. करुणा मेश्राम व चंचला शिव उपस्थित रहे।

इस दौरान कृषि महाविद्यालय जबलपुर एवं बालाघाट के रावे छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं मताधिकार हेतु देश की लोकतांत्रिक पर पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्रता, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गारिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ ही घर, परिवार, समाज में मतदान हेतु जागरूकता फैलाने की प्रतिशाली।

सभी वर्ग के मतदाताओं को जोडने के लिए लगातार जारी है मतदाता जागरूकता गतिविधियां

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन को लेकर जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां मैदानी स्तर पर सतत् रूप से जारी हैजिला प्रशासन द्वारा कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में सभी वर्गों के मतदाताओं को जोडते हुये आगामी 17 नव बर को अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे है।

श्रम विभाग द्वारा सतत रूप से विभिन्न प्रतिष्ठानों के संचालकों से संपर्क कर आगामी 17 नव बर के लिए श्रमिकों के लिए अवकाश घोषित करते हुये अपने कर्मचारियों की सहभागिता मतदान में सुनिश्चित कराने की अपील की जा रही है।

इसी तरह विद्युत विभाग के जिला कार्यालय में सेल्फी पॉइंट स्थापित किया गया है। कार्यालय में आने वाले आमजन सेल्फी लेकर आगामी मतदान में सहभागिता का संकल्प ले रहे हैं। इसी क्रम में परियोजना विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सभी यात्री वाहनों में मतदाता जागरूकता के लिए स्टीकर चस्पा किया जा रहा है। दीपावली पर्व की थीम पर एक दीया लोकतंत्र के नाम गतिविधि का भी आयोजन कर दीपोत्सव मनाते हुये मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी तरह स्कूल, कॉलेजों में रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता जैसी अन्य प्रतियोगिताऐं भी लगातार जारी हैं।

यात्री बस खड़े ट्रक से टकराई, तीन व्यक्तियों की मौत, 24 हुये घायल

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के केवलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत खैररांजी के पास सड़क हादसा हो गया। यहां एक यात्री बस शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं 24 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे है। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नागपुर से मंडला जा रही एक यात्री बस केवलारी के समीप खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। 24 से अधिक लोगों को चोट आई हैं। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस एवं 108 वाहन में दी। यहां घायलों को लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केवलारी भेजा गया। वहीं कुछ घायलों को नैनपुर भेजा।

मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया। जानकारी मलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ?इन लोगों की हुई मौत केवलारी थाना प्रभारी किशोर वामनकर ने बताया कि हादसे में मनीष यादव (35), संतोष तेकाम (30) और विपिन नंदा (35) की मौत हो गई । विजयंत ट्रेवल्स की बस मंडला से नागपुर की ओर जा रही थी। जहां खैररांजी गांव के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक (एमपी 20 एचबी 4170) में बस पीछे से टकरा गई। पुलिस जांच कर रही है।

कले टर ने लिया ईव्हीएम कमिशनिंग का जायजा

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले के बिछिया, निवास एवं मंडला विधानसभा क्षेत्रों में मतदान में इस्तेमाल की जाने वाली इले ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की कमिशनिंग का कार्य शासकीय पॉलीटेि नक कॉलेज मण्डला में किया जा रहा है। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने पॉलीटेि नक कॉलेज पहुंचकर ईव्हीएम की कमिशनिंग व सीलिंग कार्य का जायजा लिया। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर, चुनाव लड़ने वाले अ यर्थी अथवा उनके प्रतिनिधि सहित संबंधित उपस्थित रहे।

भाजपा के लिये सांसद डॉ. ढालसिंह ने वार्ड 1 में किया महाजनसंपर्क

भाजपा पहुंचा रही समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ

बालाघाट यशोः- भाजपा का प्रण है समाज के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति का समग्र विकास हो और पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद की प्रेरणा से यही सार्थक हो रहा है। इसका उदाहरण बालाघाट शहर के वार्ड क्रमांक 1 में नजर आता है। उक्त बातें बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ.ढालसिंह बिसेन ने कही। बालाघाट नगर में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी गौरीशंकर बिसेन के समर्थन में 9 नव बर को नुक्कड़ सभाएं की तथा आमजनों के बीच पहुंचकर चर्चा की।

बालाघाट नगर के वार्ड क्रमांक 1 में सांसद डॉ.ढालसिंह के साथ नपाध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे, संजय मिश्रा, सुरजीतसिंह ठाकुर, गिरीष कावड़े, अक्षय कटरे, केवल सोनेकर, राकेश सेवईवार, संजु वराड़े, गणेश अग्रवाल, मनोज हरिनखेड़े सहित भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी सँ या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सांसद ने वार्ड क्रमांक 1 में जनसंपर्क किया और नुक्कड़ सभा ली। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार ने अंत्योदय के लक्ष्य निर्धारित किया है उसे हर हाल में पूरा किया जा रहा है। इसका प्रमाण देखना है तो वार्ड क्रमांक 1 में देखा जा सकता है यह बालाघाट नगर का पहला वार्ड है लेकिन यहां की और कभी यह अविकसित क्षेत्र हुआ करता था लेकिन हमारे नेता गौरीशंकर बिसेन व भाजपा सरकार ने यहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वाधिक आवास बनाये गये है साथ ही पीएम आवास शहरी के तहत 468 मकानों का निर्माण कार्य तेज गती से चल रहा है जिसका आवंटन भी किया गया है गरीब के सिर पर पक्की छत का सपना साकार हुआ है। यही नहीं गौरीशंकर नगर में 73 लाख 50 हजार रूपये की लागत से सड़क तथा बॉ स कलवर्ट पुलिया का निर्माण हुआ है एवं आंतरिक सड़के भी बनाई जा रहीं है। जनकल्याणकारी कार्य इसलिए हो पाये हैं योंकि बालाघाट शहर में ट्रीपल इंजन की सरकार है, केन्द्र, प्रदेश के साथ ही नगरपालिका के माध्यम से समुचित विकास हो रहा है। उन्होंने आमजनों से कहा कि कांग्रेस से सतर्क रहें योंकि पूर्व की योजनाओं को बंद करने का काम कांग्रेस ने किया है अगर कांग्रेस की

सत्ता आ गई तो जनहित की जितनी योजनाएं है उसे बंद कर दिया जायेगा, इसलिए भाजपा सरकार प्रदेश में भी जरूरी है और हमारे बड़े भाई गौरीशंकर बिसेन का जीतना भी आवश्यक हैं योंकि उन्होंने जो कार्य नगर में किये है वह कोई और दूसरा नहीं कर सकता था।

वार्ड क्रमांक 1 में चला विकास कार्यो का सिलसिला

सांसद डॉ.ढालसिंह ने पीएम आवास योजना को लेकर आमजनों को बताया कि वार्ड क्रमांक 1 में जहाँ व्यक्तिगत हितग्राहियों को स्वयं की भूमि में आवास बनाने 2 लाख 50 हजार रूपये दिये गये जिनकी इस वार्ड में 400 परिवारों से भी अधिक सँ या है वहीं सामूहिक आवासीय परिसर पीएम योजना में नवनिर्मित 468 मकानों की मूल कीमत 11 लाख रूपये होती है लेकिन भाजपा सरकार गरीबों की हितैषी है और गरीब के सिर पर पक्की छत हो इसलिए हमारी सरकार ने यह मकान 2 लाख रूपये में लोन के साथ देने की राहत दी है। यहां समुचित विकास किया जायेगा पहुंच मार्ग के लिये 53 लाख की राशि खर्च होगी, साढ़े 4 करोड़ रूपये सुरक्षा रिटर्निंग वॉल में खर्च किये जा रहे हैं । वार्ड क्रमांक 1 में विकासोन्मुख योजनाओं से लाभान्वित किये जाने को लेकर संपूर्ण ब्यौरा दिया गया जिसमें बताया गया कि बुढ़ी रेल्वे क्रांसिंग से माता मंदिर मार्ग में नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य, जैन के मकान से हरिनखेड़े जी के घर तक सीसी रोड निर्माण, पटवारी जी के घर से गेंदलाल पांचे के घर तक सीसी सड़क, बिसेन किराना दुकान के सामने नाली निर्माण, जगलाल राहंगडाले के घर के सामने नाली एवं सड़क निर्माण, नाग मंदिर गली भटेरा चैकी में संजय अग्निहोत्री के घर के सामने नाली निर्माण, गौरीशंकर नगर में कल्वर्ट निर्माण, संजू वराड़े के घर से सुधीर गौतम के घर तक सीसी रोड निर्माण, डॉ. अक्षय कटरे के घर के सामने रोहित राहंगडाले के घर तक सीसी रोड सह नाली निर्माण, गणेश नगर में तुलसीदास मेश्राम के घर से प्रभुदास मेश्राम के घर से नरेश देशमुख से पवन पटले के घर तक सीसी रोड निर्माणा, सतीश डांटेकर के घर के पीछे नाली निर्माण, नशामुक्ति रोड में पसीने जी के मकान से अमित अग्रवाल के मकान तक आरसीसी नाली एवं स्लेब दोनों ओर निर्माण कार्य, मुंजारे पचैरी गली टे भरे से इसुलाल, रजक से खैरवार से दुबे, हनवत तक एवं भालेराव से पालेवार एवं रामजीत शु ला के घर तक सड़क के दोनों ओर आरसीसी नाली निर्माण, दिग बर कुल्हाडे के घर से पटले के घर तक आरसीसी नाली निर्माण, जोड़ा महुआ से जीपी हुमनेकर के घर से गेंदलाल पांचे के घर तक रोड निर्माण, संजय अग्निहोत्री के घर से राजू बैस के मकान तक बेरिंग कोट रोड निर्माण इस तरह नगरपालिका के माध्यम से बालाघाट शहर के वार्ड क्रमांक 1 में विकास कार्य कराये गये है जिसमें 2 करोड़ 56 लाख 82 हजार रूप्ये के निर्माण कार्य कराये गये है। उक्ताशय की जानकारी राकेश सेवईवार द्वारा दी गई है।

जघन्य अपराध में आरोपित आरोपी सुनील कुमरे हुआ दोषमुक्त - एड इसरार खान

सिवनी यशोः- श्रीमान विशेष न्यायाधीश महोदय (पॉ सो) सिवनी के न्यायालय से केवलारी थाना के अपराध क्रमांक 681/2021 अंतर्गत धारा 363,366,376,376(2)(एन) एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 5(आई) एवं (6) में आरोपित अभियुक्त सुनील कुमरे पिता विधान सिंह कुमरे निवासी ग्राम पुतरा थाना छिंदा केवलारी* को दिनाँक 8/11/2023 श्रीमान विशेष न्यायाधीश महोदय (पॉ सो) श्रीमती प्रेमा साहू जी के न्यायालय से दोषमुक्त किया गया। अभियोजन के अनुसार घटना दिनाँक 13/12/2021 को सुबह 10 बजे आरोपी के व्दारा पीड़िता को बहला फुसला कर अज्ञात स्थान पर लेकर जाकर उसे अपने साथ जबरन रखकर उसके साथ आपराधिक कृत्य किया। अभियोजन की ओर से लगभग 27 साक्षियों को न्यायालय में उपस्थित कर उनकी गवाही कर वाई गयी। प्रकरण में अभियुक्त की ओर से पैरवी उनके वरिष्ठ अधिवक्ता इसरार खान व्दारा की गई। जिसमें उनके व्दारा समस्त गवाहों का प्रतिपरीक्षण कर माननीय सर्वोच्च न्यायालय व्दारा पारित न्याय दृष्टांतो का हवाला देते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष अपने तर्क प्रस्तुत किये गए। जिससे श्रीमान विशेष न्यायाधीश महोदय (पॉ सो) सहमत होते हुए आरोपी सुनील कुमरे को उपरोक्त धाराओं से दोषमुक्त किया गया।

314 लीटर शराब जब्त

मंडला यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 से संबंधित सी-विजिल मोबाईल ऐप के इले शन सीजर मैनेंजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) द्वारा आबकारी विभाग एवं एएसएसटी टीम के माध्यम से आज 314 लीटर शराब जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 41 हजार 900 रूपए है। जिला कॉन्टे ट सेल के एनजीआरएस पोर्टल के माध्यम से भी अब तक 170 शिकायत दर्ज की गई हैं जिनका निराकरण भी कर दिया गया है। इस तरह जिले के चारों तरफ चैकपोस्ट के माध्यम से एफएसटी एवं एसएसटी टीम द्वारा सतत निरीक्षण/निगरानी का कार्य किया जा रहा है।

धनतेरस में बाजार में वर्षा धन

सिवनी यशोः- दीपावली की शुरुआत शुक्रवार से हो गई धनतेरस के दिन शुभ मुहूर्त में खरीदी के साथ 5 दिनी दिवाली पर्व का शुभारंभ हुआ बाजार में खरीदारों की भीड़ देखी गई यातायात भी भीड़ के चलते प्रभावित हुआ। बड़े ज्वेलर्सो के यहाँ खासी भीड़ होने के साथ ज्वेलर्सो की दुकानों पर भी ग्राहकी देखी गयी, ज्वेलर्सो का कहना है कि भीड़ अवश्य थी परंतु धंधा अनुमान के मुताबिक नहीं हुआ केवल मूर्हुत के हिसाब से ग्राहको ने छोटे सामान और सिक्के लिये व्यापारियों को धनतेरस के बाद 11 नवंबर को छोटी दीवाली और 12 नवंबर को दीपावली पर अच्छी ग्रहकी का अनुमान है।

धनतेरस की ग्राहकी बर्तन कपड़े की दुकानो पर भी अच्छी रही। बिजली की रंग-बिरंगी झलरों की विक्री भी जबरदस्त रही। बुधवारी बाजार शुक्रवारी बाजार 12 पठार क्षेत्र सहित अनेक छोटी गलियों में भी हर तरह इले ट्रॉनिक के साथ मिठाई की दुकानों में भी भीड़ दिखाई दी। मिष्ठानों की दुकानों में इस बार अधिक भीड़ दिखी दुकानों में चांदी की लक्ष्मी जी तांबा एवं पीतल के अलावा स्टील के बर्तन बड़े आकार में लोहते नजर आए दीपक मटके रंगोली के रंग बिरंगी विद्युत सज्जा की छोटी-छोटी दुकानें सजी हुई है इसके अतिरिक्त भी अनेक विशेषता इस बार धनतेरस में देखने को मिली देखा गया कि लोगों ने चीन के बने हुए देव को भी बहिष्कार किया और खिलौने इत्यादि भी लोगों ने स्वदेशी ही अपना में लोगों का कहना है कि इस बार हम सादगी के साथ यह त्यौहार मना रहे हैं साथ ही किसानों का कहना है कि उनकी फसल अभी बिकी नहीं है इस कारण से लोग खरीदी काम कर रहे हैं राय ट्रै टर एजेंसी के संचालक संजय राय ने बताया कि इस बार हीरो 47 की मांग बड़ी है वहीं दूसरी ओर टू व्हीलर फोर व्हीलर एवं अन्य वाहनों की भी खरीदी के लिए भारी भीड़ देखी गई इस तरह से लोगों ने धनतेरस पर्व को मनाया उल्लेखनीय की धनतेरस में प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का झाड़ू का व्यवसाय नगर में होता है ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दिन घर में लोग नई झाड़ू लेकर जाते हैं जो शुभ होती है यह इसी तरह व्यापारियों को विश्वास है कि दीपावली के दो दिनों तक बाजार पर भीड़ का आलम बना रहेगा व्यापारियों को उ मीद है कि इस बार उन्होंने लोगों की आवश्यकता के अनुकूल समान अपनी दुकानों में उपलब्ध करा रखा है और भारी मांग को देखते हुए इले ट्रॉनिक दुकानों में फ्रिज कूलर अलमारी आदि की मांग भी देखी गई इसी तरह लकड़ी के फर्नीचरों की दुकानों में भी मांग को देखते हुए दुकानदारों ने अपनी दुकानों में पर्याप्त सामग्री उपलब्ध कराई थी धनतेरस पर बाजार में हुई धन वर्षा दो दिनों तक बाजार में रौनक की संभावना दीपावली को देखते हुए यातायात हुआ प्रभावित।

मतदान दिवस की सभी प्रक्रियाओं पर रहेगी पैनी नजर
माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण संपन्न

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के सुचारू क्रियान्वयन हेतु रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सामान्य प्रेक्षक शाहनवाज चौधरी एवं ओइनम सरनकुमार सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराना माइक्रोऑब्जर्वर की जि मेदारी है। माइक्रोऑब्जर्वर का कार्य प्रेक्षक के प्रतिनिधि के तौर पर मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर सभी प्रक्रियाओं को पर पैनी नज़र रखना हैं। मतदान केन्द्र में किसी प्रकार की प्रतिकूल परिस्थितियां संज्ञान में आने पर उन्हें तत्काल अवगत कराएं एवं निर्वाचन की सभी गतिविधियों की टाइमिंग निर्धारित प्रपत्र पर दर्ज करे।

इस अवसर पर कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में माईक्रो ऑब्जर्वर्स की महत्वपूर्ण जि मेदारी होती हैं, जो निर्वाचन की संपूर्ण गतिविधियों पर नजर रखते हैं। माइक्रोऑब्जर्वर को मॉकपोल अपने समक्ष संपन्न कराना है। साथ ही मतदान प्रक्रिया, गोपनीयता, निष्पक्षता सहित अन्य बिन्दुओं पर चाही गई जानकारी निर्धारित समय में उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण में कुशल प्रशिक्षकों द्वारा मतदान दिवस की सारी प्रक्रियाओं की बारीकी से जानकारी दी गई तथा मतदान केन्द्र में बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, मास्टर ट्रेनर्स डॉ. टीपी मिश्रा एवं डॉ. श्रीकांत श्रीवास्तव सहित संबंधित उपस्थित रहे।

कम मतदान वाले बूथों में निकाली गई वाहन रैली

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन.2023 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मंडला जनपद पंचायत के अंतर्गत विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में विशेष रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगरपालिका सीमा से लगे ग्राम पंचायतों बिंझिया तथा देवदरा के बूथों में कम मतदान को लेकर लगातार घर.घर जाकर लोगों से मतदान करने की अपील की जा रही है। विगत दिवस बिंझिया तिराहा से एक वाहन रैली का भी आयोजन किया गया। दोपहिया तथा ऑटोरि शा में जागरूकता पोस्टरए स्टीकर लगाकर नारे लगाते हुए जनपद पंचायत के अधिकारीए कर्मचारी तथा संबंधित ग्रामों के जागरूक मतदातागणों द्वारा तीनों ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया गया। बिंझिया से प्रारंभ हुई वाहन रैली का समापन ग्राम पंचायत देवदरा में किया गया। इस अवसर पर मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मंडला रमेश मंडावीए पंचायत इंस्पे टर राजाराम मरावीए संबंधित पंचायतों के सचिवए रोजगार सहायकए बीएलओ सहित अन्य उपस्थित थे।

17 नवंबर को सामान्य अवकाश घोषित

मण्डला यशो मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन.2023 के मतदान दिवस 17 नवंबर 2023 ;शुक्रवारद्ध को संपूर्ण मध्यप्रदेश में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

मतदान का प्रतिशत बढ़ाने मनाया गया दीपोत्सव

आओ दीप जलाएँए मतदान की अलख जगाएँ थीम पर जलाए गए 11 हजार दीप

मण्डला यशोः- प्रजातांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचन के जरिए उ मीदवारों का चयन करने में एक.एक मत महत्वपूर्ण होता है। जिले में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की सहभागिता और मतदान प्रतिशत को बेहतर करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिलेभर म् अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुरूवार को जिला मु यालय के रपटाघाट में श्आओ दीप जलाएँए मतदान की अलख जगाएँश् थीम पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा माँ नर्मदा के रपटाघाट में 11 हजार दीपों का प्रज्ज्वलन किया गया एवं आकाशदीप छोड़े गए। दीप प्रज्ज्वलन के दौरान रपटाघाट पर माँ नर्मदा का अद्भुत दृश्य आलोकित हुआ। दीपोत्सव के दौरान मंडला करेगा मतदान तथा जिले के स्वीप शुभंकर कानु की आकृति पर भी दीप प्रज्वलित किए गए। कार्यक्रम स्थल पर मनमोहक रंगोलियाँ भी बनाई गई थी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीए कर्मचारियों और आम नागरिकों को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक शाहनवाज चौधरी एवं ओइनम सरनकुमारए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉण् सलोनी सिडानाए सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमटए अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंहए सहायक कले टर रवि कुमार सिहागए संयुक्त कले टर अरविंद सिंहए सीएल वर्माए उपसंचालक कृषि मधु अलीए कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी शारदा सिंहए प्राचार्य हाईस्कूल बिंझिया मुकेश पांडेए नगरपालिका सीएमओ गजानंद नाफड़ेए उपयंत्री रूकसार अली सहित संबंधित उपस्थित थे।

समय निकालेंए मतदान करें. कले टर

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् रपटाघाट में आयोजित दीपोत्सव के दौरान उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉण् सलोनी सिडाना ने कहा कि मंडला जिले में महिला मतदाताओं की सं या अधिक है। इसलिए मतदान प्रतिशत में भी महिलाओं की भागीदारी अधिक होनी चाहिए। उन्हों ने आव्हान किया कि सभी महिलाएं 17 नव बर को अपने घर के काम से थोड़ा समय निकालकर अनिवार्य रूप से मतदान करें। साथ ही अपने परिवार तथा पास.पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

डाक मतपत्र से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ

मण्डला . विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्वाचन कार्यों में संलग्न अधिकारीए कर्मचारियों ने डाकपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारीए कर्मचारियों के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रंण् 2 में मतदान केन्द्र बनाया गया है। निर्वाचन में संलग्न कर्मियों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉण् सलोनी सिडाना ने केंद्र पहुँचकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। मतदान में लगे अधिकारी.कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र से मतदान की प्रक्रिया 10ए 11ए 13ए 14 एवं 15 नवंबर को भी जारी रहेगी।

प्रत्येक परिवार एक रोजगार हमारा लक्ष्य-शिवराज

भरवेली में मु यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने की विजय संकल्प आशीर्वाद सभा



बालाघाट यशोः- मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूं आप मेरा परिवार हो, जब मुझे मामा कहते है तो कांग्रेस को चिढ़ हो जाती है लेकिन मामा का मतलब वें या जाने जिसके दिल में अपने बेटा-बेटियों के लिये दो-दो प्यार हो वह है मामा। यह रिश्ते दिल से बनते है। मेरी बहनों को कई बार हाथ फैलाने पड़ते थे परेशान रहती थी तो मेरे मन में विचार आया कि बहनों की तकलीफ को दूर किया जाये इसलिए मैने लाड़ली बहना योजना बनाई है। अब आगे हमारा लक्ष्य है प्रत्येक परिवार एक रोजगार ताकि कोई भी परिवार भूखा ना रहे। उक्ताशय की बातें प्रदेश के मु यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने 10 नव बर को भरवेली में बालाघाट विधानसभा भाजपा प्रत्याशी गौरीशंकर बिसेन तथा परसवाड़ा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रामकिशोर कावरे के लिये विजय संकल्प आशिर्वाद सभा के दौरान जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान गोंदिया से गोरेगांव के विधायक विजय राहंगडाले, पूर्व विधायक रमेश भटेरे,रमेश रंगलानी, ज़िला पंचायत सदस्य डुलेन्द्र मुन्ना ठाकरे,झा। सिंह नागेश्वर व मौसम हरिनखेड़े के अतिरिक्त भाजपा पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, बूथ स्तर कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

सरकार आएगी तो चलाएंगे लखपति बहना अभियान

अपने उद्बोधन में प्रदेश के मुखिया शिवराज ने कहा कि हमें जनता की जिंदगी बदला है यह भाजपा की सरकार है मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है मैने लाड़ली बहना योजना शुरू की जिसकी देश में धूम मची हुई है। अभी 1250 रूपये दिये जा रहे है बढ़ाकर इसे 3 हजार रूपये तक दिया जायेगा। पहले शर्त यह थी कि 21 साल उम्र की बहनें हो और विवाहित हो लेकिन अब सरकार बनेगी तो यह बंधन समाप्त किया जायेगा और 21 साल की मेरी बहनें जो अविवाहित भी होगी तो उसे पैसा दिया जायेगा। मु यमंत्री ने कहा कि जब हम योजना की राशि 3 हजार रूपये तक कर देंगे तब मुझे चैन की नींद आएगी कि शिवराज तेरी जिंदगी धन्य हो गई बहनों के लिये काफी कुछ कर दिया है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने लाड़ली बहना आवास योजना प्रारंभ की है, सरकार बनने के बाद गरीब बहनों को पक्का मकान बनाकर देंगे। उन्होंने मंच से गौरीभाऊ से कहा कि आपने कहा था मेडिकल कॉलेज चाहिये दे दिया और बता देना या- या चाहिये इसी तरह उन्होंने रामकिशोर कावरे से कहा कि हट्टा में कॉलेज की मांग की तो हमने दिया है और या करना है सबकुछ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हम विकास में कमी नहीं आने देंगे दिल से सभी बातें कह रहा हूं।

यह भाषण नेता का नहीं है भैया का भाषण है। हमारी आएगी तो हम लखपति बहना अभियान चलाएंगे जिसके लिये बहनों की 10 हजार रूपये प्रतिमाह की आमदनी चाहिये सालभर में यह 1 लाख हो जाएगी तो मेरी बहनें लखपति बहना हो जायेगी। साथ उन्होंने कहा कि बढ़े हुए बिजली के दाम कम किये जाएंगे। शिक्षा व्यवस्था के लिये 25 से 30 गांवों के बीच एक सीएम राईज स्कूल खोला जायेगा जहां निःशुल्क बेहतर शिक्षा मिलेगी। उच्चशिक्षा के लिये मेधावी छात्रों की फीस भी मामा ही भरेगा माता-पिता को फिक्र करने की जरूरत नहीं है।

प्रत्येक परिवार एक रोजगार का दिया मंत्र

मु यमंत्री ने अपने भाषण दौरान भाजपा की सरकार बनने पर किये जाने वाले अभियानों के बारे में बताया। जिसके लिये उन्होंने प्रत्येक परिवार एक रोजगार का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर इस दिशा में हम काम करेंगे। हर परिवार को रोजगार देंगे ताकि उनकी जिंदगी बदलें। लाड़ली बहना योजना को लेकर उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि सत्ता में आने पर कमलनाथ योजनाओं को बंद कर देंगे। अगर योजनाओं को प्रारंभ रखना है बेहतर जीवन के लिये सरकार को साथ देना है तो गौरीभाऊ और रामकिशोर कावरे तथा तु हारा भाई शिवराज जब रहेगा तब लाड़ली बहना योजना बची रहेगी नहीं तो कांग्रेस सब बंद कर देगी।

कांग्रेस बेईमानों की पार्टी-शिवराज

भरवेली में मु यमंत्री शिवराज कांग्रेस पर आक्रामक नजर आये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बेईमानों की पार्टी है इन्होंने कई योजनाएं बंद कर दी थी और 900 वचन पहले दिये थे 9 भी पूरे नहीं किये, कफन के रूपये तक छीन लिये अंत्येष्टी सहायता योजना बंद कर दी थी। अभी तो जुगाड़ में लगा हूं चाहे लाड़ली बहनों की सं या कितनी भी हो जाये मैं खाते में रूपये जरूर दूंगा योंकि मैं कमलनाथ थोड़ी हूं जो कहूं कि खजाना खाली है।

जिसने किया है उसे मिले जन आशीर्वाद-गौरीभाऊ

बालाघाट विधानसभा भाजपा प्रत्याशी गौरीशंकर बिसेन ने भरवेली में विजय संकल्प आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 10 दिनों में कर्जमाफी की बात कही थी वचन नहीं निभाया वादा तोड़ा है और कहते है परिवर्तन होना चाहिये किस बात के लिये परिवर्तन हो। इसलिए सिंधिया उन्हें छोड़कर सड़क पर उतरे थे तो भाजपा को साथ दिया और भाजपा को जनता से जिताया तब सरकार बनी। 2 बजट आये थे लेकिन कांग्रेस कहती है कि कर्जमाफी के लिये समय नहीं मिला। बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था उसकी नीति नहीं बनाई।

बरघाट विधानसभा में जनसंपर्क कार्यक्रम को आम जनता से मिल रहे अपार समर्थन से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

सिवनी यशोः-बरघाट विधानसभा क्षेत्र में चुनाव की सरगर्मियां बढ़ गई है जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे वैसे उ मीदवार अपने चुनाव प्रचार की गति लगातार बढ़ा रहे हैं, वीरवार को भाजपा प्रत्याशी ने 23 गावों में अपना जनसंपर्क कार्यक्रम करके भाजपा के लिए समर्थन मांगा। कमल मर्सकोले के जनसंपर्क कार्यक्रम को बरघाट विधानसभा में आम जनता से आपार समर्थन मिल रहा है। जिसको देख भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साहित हैं।

ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाकर फिर से प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने के लिए आम जनता से समर्थन मांगा। लाडली बहना योजना के हितग्राहियों को 1250 रुपयों की 6वीं किस्त आने पर लाडली बहनों को बधाई दी। भाजपा सरकार ने ऐसी अनगिनत योजनाएं प्रारंभ की है जिनका एकमात्र लक्ष्य आम जनता को समाज में आर्थिक रूप से मजबूत कर रही हैं।

भाजपा प्रत्याशी का जनसंपर्क कार्यक्रम कलबोडी, बहिरिया, सुकतरा, झिरियाटोला, गंडाटोला, रुखड़, आगरी, पोतलई, थांवरझोड़ी, बाबूटोला, खैररांजी, डूंडायेर, जनावरखेड़ा, डुंगरिया, बाडलपार, तीतरी, मोहगांव, कोटकसा, बुड्ढी, विजयपानी, परासपानी, टिकाड़ी रै. माल, कर्माझिरी, बेरेलीपर और साल्हे में आयोजित हुई।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझांवाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297